an>

Title: The Prime Minister laid on the Table a copy of the introduction of the Members of the Union Council of Ministers.

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय प्रधान मंत्री जी ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय, आप वरिष्ठ नेता हैं । आप सदन की गरिमा और परम्पराएं बनाए रखें ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, इस सदन की परम्पराएं उच्च रही हैं । मेरा आप सभी से आग्रह है कि इन परम्पराओं को न तोड़ें, तो उचित रहेगा । आप काफी लम्बे समय तक शासन में रहे हैं । इन परम्पराओं को तोड़कर सदन की गरिमा को कम मत कीजिए ।

…(व्यवधान)

**संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी):** महोदय, मैं इतनी ही अपील करना चाहता हूं कि it is customary and tradition in the Lok Sabha to introduce the Council of Ministers by the hon. Prime Minister. After that they have the right to raise their issues. I appeal to them to allow the introduction of Council of Ministers by the hon. Prime Minister. …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** मैं पुन: आग्रह कर रहा हूं कि आप सब इस सदन की गरिमा को बनाए रखें । माननीय प्रधान मंत्री जी सदन के नेता हैं और मंत्रिपरिषद में नए फेरबदल किए गए मंत्रियों का परिचय कराना चाहते हैं । आप सदन की गरिमा और परम्परा को मत तोड़ें ।

माननीय प्रधान मंत्री जी ।

…(व्यवधान)

**प्रधान मंत्री (श्री नरेन्द्र मोदी):** माननीय अध्यक्ष जी, मैं सोच रहा था कि आज सदन में एक उत्साह का वातावरण होगा क्योंकि बहुत बड़ी मात्रा में हमारी महिला सांसद मंत्री बनी हैं । …(व्यवधान) मुझे आज खुशी होती कि बहुत बड़ी मात्रा में हमारे दलित भाई मंत्री बने हैं, खुशी होती कि आज हमारे आदिवासी शेड्यूल्ड ट्राइब्स के साथी बहुत बड़ी मात्रा में मंत्री बने हैं और इसकी सबको खुशी होती । …(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष जी, इस बार सदन में हमारे साथी सांसद जो किसान परिवार से हैं, ग्रामीण परिवेश से हैं, सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग से हैं । ओबीसी समाज से हैं, बहुत बड़ी मात्रा में उनको मंत्रिपरिषद में मौका मिला । उनका परिचय कराने पर आनंद होता, हर बैंच पर से बैंच को थपथपा करके उनका गौरव किया गया होता ।…(व्यवधान) लेकिन शायद देश के दलित मंत्री बनें, देश की महिला मंत्री बने, देश के ओबीसी मंत्री बनें, देश के किसानों के बेटे मंत्री बनें, यह बात कुछ लोगों को रास नहीं आती है और इसलिए उनका परिचय तक नहीं होने देते हैं ।…(व्यवधान) और इसलिए माननीय अध्यक्ष जी, मंत्रिमंडल में नवनियुक्त सदस्यों को लोक सभा में इंट्रोड्यूस समझा जाए ।…(व्यवधान)

**<u>11.10 hrs</u>**

*At this stage, Shri Benny Behanan, Shri Sukhbir Singh Badal, Shri Hanuman Beniwal, Shri Bhagwant Mann and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, माननीय प्रधान मंत्री जी माननीय मंत्रियों का परिचय कराना चाहते हैं । मैं पुन: आपसे आग्रह करता हूं कि सदन की

गरिमा और परम्पराओं को बनाये रखें । यह उचित नहीं है । आप सदन की परम्परा, गरिमा को गिरा रहे हैं ।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, आप अपने-अपने आसन पर विराजें । मैं मानननीय प्रधान मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि वे मंत्रियों और राज्य मंत्रियों की सूची सभा पटल पर रख सकते हैं ।

…(व्यवधान)

**श्री नरेन्द्र मोदी :** महोदय, आपकी अनुमति से, मैं मंत्रिपरिषद के नये सदस्यों की सूची* सभा पटल पर रखता हूं ।

***Cabinet Ministers***

| | |
|---|---|
| Shri Narayan Tatu Rane | Minister of Micro, Small and Medium Enterprises |
| Shri Sarbananda Sonowal | Minister of Ports, Shipping and Waterways; and Minister of AYUSH |
| Dr. Virendra Kumar | Minister of Social Justice and Empowerment |
| Shri Jyotiraditya M. Scindia | Minister of Civil Aviation |
| Shri Ramchandra Prasad Singh | Minister of Steel |
| Shri Ashwini Vaishnaw | Minister of Railways; Minister of Communications and Minister of Electronics and Information Technology |

| | |
|---|---|
| Shri Pashu Pati Kumar Paras | Minister of Food Processing Industries |
| Shri Kiren Rijiju | Minister of Law and Justice |
| Shri Raj Kumar Singh | Minister of Power; and Minister of New and Renewable Energy |
| Shri Hardeep Singh Puri | Minister of Petroleum and Natural Gas; and Minister of Housing and Urban Affairs |
| Shri Mansukh Mandaviya | Minister of Health and Family Welfare; and Minister of Chemicals and Fertilizers |
| Shri Bhupender Yadav | Minister of Environment, Forest; and Climate Change, and Minister of Labour and Employment |
| Shri Parshottam Rupala | Minister of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying |
| Shri G. Kishan Reddy | Minister of Culture; Minister of Tourism; and Minister of Development of North Eastern Region |
| Shri Anurag Singh Thakur | Minister of Information and Broadcasting; and Minister of Youth Affairs and Sports |

***Ministers of State***

| | |
|---|---|
| Shri Pankaj Chaowdhary | Minister of State in the Ministry of Finance |
| Smt. Anupriya Singh Patel | Minister of State in the Ministry of Commerce and Industry |
| Prof. S. P. Singh Baghel | Minister of State in the Ministry of Law and Justice |
| Shri Rajeev Chandrasekhar | Minister of State in the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship; and |

| | |
|---|---|
| | Minister of State in the Ministry of Electronics and InformationTechnology |
| Sushri Shobha Karandlaje | Minister of State in the Ministry of Agriculture and Farmers Welfare |
| Shri Bhanu Pratap Singh Verma | Minister of State in the Ministry of Micro, Small and Medium Enterprises |
| Smt. Darshana Vikram Jardosh | Minister of State in the Ministry of Textiles; and Minister of State in the Ministry of Railways |
| Smt. Meenakashi Lekhi | Minister of State in the Ministry of External Affairs; and Minister of State in the Ministry of Culture |
| Smt. Annpurna Devi | Minister of State in the Ministry of Education |
| Shri A. Narayanaswamy | Minister of State in the Ministry of Social Justice and Empowerment |
| Shri Kaushal Kishore | Minister of State in the Ministry of Housing and Urban Affairs |
| Shri Ajay Bhatt | Minister of State in the Ministry of Defence; and Minister of State in the Ministry of Tourism |
| Shri B. L. Verma | Minister of State in the Ministry of Development of North Eastern Region; and Minister of State in the Ministry of Cooperation |

| | |
|---|---|
| Shri Ajay Kumar | Minister of State in the Ministry of Home Affairs |
| Shri Devusinh Chauhan | Minister of State in the Ministry of Communications |
| Shri Bhagwanth Khuba | Minister of State in the Ministry of New and Renewable Energy; and Minister of State in the Ministry of Chemicals and Fertilizers |
| Shri Kapil Moreshwar Patil | Minister of State in the Ministry of Panchayati Raj |
| Sushri Pratima Bhoumik | Minister of State in the Ministry of Social Justice and Empowerment |
| Dr. Subhas Sarkar | Minister of State in the Ministry of Education |
| Dr. Bhagwat Kishanrao Karad | Minister of State in the Ministry of Finance |
| Dr. Rajkumar Ranjan Singh | Minister of State in the Ministry of External Affairs; and Minister of State in the Ministry of Education |
| Dr. Bharati Pravin Pawar | Minister of State in the Ministry of Health and Family Welfare |
| Shri Bishweswar Tudu | Minister of State in the Ministry of Tribal Affairs; and Minister of State in the Ministry of Jal Shakti |
| Shri Shantanu Thakur | Minister of State in the Ministry of Ports, Shipping and Waterways |
| Dr. Munjapara Mahendrabhai | Minister of State in the Ministry of Women and Child Development; and Minister of State in the Ministry of AYUSH |

| | |
|---|---|
| Shri John Barla | Minister of State in the Ministry of Minority Affairs |
| Dr. L. Murugan | Minister of State in the Ministry of Fisheries, Animal Husbandry and Dairying; and Minister of State in the Ministry of Information and Broadcasting |
| Shri Nisith Pramanik | Minister of State in the Ministry of Home Affairs; and Minister of State in the Ministry of Youth Affairs and Sports |

**माननीय अध्यक्ष :** आप निधन संबंधी उल्लेख पर इसी तरीके से सदन में हल्ला करेंगे, यह परम्परा आप मत डालिए । माननीय सदन के नेता, आप इनको समझाइए कि यह परम्परा मत डालिए । निधन संबंधी उल्लेख के समय आप इनको अपनी-अपनी सीटों पर बैठाइए । आप ओबिचूएरी में इनको बैठाइए ।

…(व्यवधान)

**11.12 hrs**

*At this stage, Shri Benny Behanan, Shri Sukhbir Singh Badal, Shri Hanuman Beniwal, Shri Bhagwant Mann and some other hon. Members went back to their seats.*

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप सदन की गरिमा को गिरा रहे हैं, अच्छी परम्पराओं को तोड़ रहे हैं । यह देश इसे देख रहा है । विश्व के अंदर सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत है, लेकिन आपकी इस तरीके की कार्रवाई कतई उचित नहीं है, न्यायपूर्ण नहीं है । यह देश के लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है ।

…(व्यवधान)